हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए मंदिर निर्माण आवश्यक...



07 करवाचौथ को लेकर अशोकनगर शहर के बाजार हुए गुलजार



समाचार संक्षेप

बजरंगगढ़ में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकला भव्य चल समारोह



बजरंगगढ़। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बजरंगगढ़ में वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। समारोह का शुभारंभ शिव मंदिर बगीचा के पास स्थित हनुमान मंदिर से हुआ। इसके बाद चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रेम गार्डन पहुंचा। चल समारोह के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह भगवान की झांकी का जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में वाल्मीकि समाज के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। प्रेम गार्डन पहुंचने पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और सामाजिक एकता एवं समरसता का संदेश दिया।

दीपावली बाद होगा रामलीला मंचन



आरोन। सनातन हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में दास हनुमान रामलीला समिति की बैठक का आयोजन दास हनुमान मंदिर पर की गई, जिसमें सर्वसम्मति से 13 नबंवर 2026 सें रामलीला का मंचन किया जाएगा साथ ही समिति की कार्यकारिणी का विस्तार कर गोपाल शर्मा (बबलू) गोविंदपुर बालों को सर्वसममती सें उपाध्यक्ष बनाया गया। समिति के सभी सदस्यों कि ओर सें सभी नगर वासियों सें इस सनातन संस्कृति के धार्मिक आयोजन को निरंतरा के लिए तन मन और धन सें सहयोग और समर्थन करने की अपील भी की गयी है। इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक भगवानलाल शर्मा सनातन हिन्दू उत्सव रामलीला कमेटी के अध्यक्ष हरिओम सेजी, कोषांध्यक्ष देवेंद्र शर्मा देवरी, सचिव कैलाश सिंह शिक्षक, रामचरण साहू, वीर सिंह शिक्षक गोपाल परिहार,रघुराज सिंह देहरीखुर्द,सुनील साहू, अनिल दुबे गुटरू महाराज गुंजा सेन, सोनू रघुवंशी,जखौदा भोला रघुवंशी मौजूद रहे।

आरोन खंड के शहरोंक एवं सालय मंडल में विजयादशमी पर पथ संचलन



आरोन। आरोन खंड के शहरोंक एवं सालय मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम में खंड संघचालक भगवान लाल जी शर्मा एवं अनिल जी दुबे सहित अन्य गणमान्यजन मंचस्थ रहे। सालय मंडल में मोनू जी महाराज मुख्य अतिथि एवं सोनू जी मंडल कार्यवाह के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता भगवान लाल जी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विजयादशमी धर्म की अधर्म, सत्य की असत्य और सदाचार की दुराचार पर विजय का प्रतीक है। हिंदू संस्कृति हमें संस्कार, सामाजिक समरसता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करते हुए राष्ट्र को उन्नति के मार्ग पर ले जा सकता है। प्रत्येक स्वयंसेवक को समाज सेवा, एकता और राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहना चाहिए।

एसपी ऑफिस में जनसुनवाई के दौरान न्याय न मिलने से आहत युवक ने खाया जहर

जिला अस्पताल में भर्ती, रात में घर पर हमला और 2.40 लाख चोरी का था गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब एक युवक ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुनवाई न होने से आहत होकर परिसर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उसका उपचार जारी है। इस सनसनीखेज घटना के बाद प्रशासनिक और पुलिस गलियारों में हडक़ंप मच गया है।

माँ के आवेदन से खुला मामलों का राज़

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विलास गांव तहसील बमोरी, जिला गुना निवासी मुकेश यादव अपनी मां राधाबाई के साथ मंगलवार को एसपी कार्यालय जनसुनवाई में पहुंचा था। पीड़ित परिवार की ओर से मां राधाबाई के नाम से एक लिखित आवेदन सौंपा गया, जिसमें कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई एक गंभीर घटना का विवरण दिया गया है। आवेदन के मुताबिक, बीती 26 अक्टूबर 26 की रात करीब 1 बजे गांव के ही कुछ दबंग लोग—भीमा यादव, दिनेश यादव, पवन यादव, जगदीश यादव, गिर्राज यादव और गोलू उर्फ देवेंद्र यादव—घर में जबरन घुस आए।



आरोप है कि इन लोगों ने घर में जमकर उत्पात मचाया, गालियां दीं और प्रार्थिया के साथ अभद्रता व मारपीट की। आरोपियों पर घर में रखे दो लाख चालीस हजार रुपये नकद चोरी करने, मोटरसाइकिल के लॉक तोडक़र उसे ले जाने का प्रयास करने और दहशत फैलाने के लिए घर पर फायरिंग करने का गंभीर आरोप लगाया गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के वक्त बड़े लडक़े मुकेश यादव ने रात 2 बजे कैंट थाने को फोन किया था, जिसके बाद पुलिस सुबह 4 बजे मौके पर पहुंची। परिवार का यह भी आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से आरोपी उनके साथ लगातार मारपीट और प्रताडऩा कर रहे हैं। इससे पहले भी उनके खेत से ट्रांसफार्मर, 5 एचपी की मोटर, पानी की पाइपलाइन, बोनी की मशीन, दो भैंसें और 20 बीघा के गेहूं सहित पचास हजार रुपये नकद व अन्य सामान चोरी किया जा चुका है।जिसकी शिकायत पर पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसी बात से क्षुब्ध होकर छोटे बेटे भानू यादव ने जनसुनवाई के दौरान यह खौफनाक कदम उठा लिया।

पुलिस अधीक्षक ने दी पूरे मामले पर सफाई

घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जनसुनवाई में आज जो मामला सामने आया है, उसकी तह में पुराना और लंबा जमीनी व पारिवारिक विवाद है। एसपी ने जानकारी दी कि आवेदक पक्ष और दूसरे पक्ष के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही है। आवेदक युवक पर पूर्व में दुष्कर्म के मामले में आरोपी भी रह चुका है, जो कथित तौर पर विरोधी पक्ष की महिला को भगाकर ले गया था और इस मामले में जेल भी जा चुका है। कल हुई गाड़ी तोडने की घटना के संबंध में पुलिस ने प्राथमिक जांच कर ली है और दोनों पक्षों के पुराने विवाद की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि वैधानिक कार्रवाई नियमों के तहत की जा रही है। जनसुनवाई के दौरान युवक द्वारा उठाए गए कदम को पुलिस ने तुरंत सूझबूझ से नियंत्रित कर लिया और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और अस्पताल में भर्ती युवक का इलाज जारी है।

शराब पार्टी में बीयर की बोतलों से जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

गुना। शहर की कैंट थाना पुलिस ने शराब पार्टी के दौरान विवाद में बीयर की बोतलों से प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल 26 अक्टूबर 26 को फरियादी श्रीकांत धाकड़ निवासी ग्राम पाटई थाना म्याना हाल निवासी न्यू सिटी कॉलोनी गुना ने जिला चिकित्सालय गुना में उपचार के दौरान पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि में वह दिलीप बैरागी निवासी नानाखेड़ी, गुना तथा दीपक बाबा एवं नरेन्द्र कुशवाह निवासीगण ग्राम पाटई के साथ गोपालपुरा कलारी के पास शराब पी रहा था । इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया । विवाद के दौरान दिलीप बैरागी, दीपक कुशवाह एवं नरेन्द्र कुशवाह ने उसे जान से मारने की नीयत से उसके सिर एवं माथे पर बीयर की बोतलों से वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं । रिपोर्ट पर आरोपीगणों के विरूद्ध कैंट थाने में अपराध क्रमांक 992/26, धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए कैंट थाना पुलिस ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास प्रारंभ किए ।

जिले में दो अलग-अलग दर्दनाक हादसे

तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत ट्रेन की चपेट में आया युवक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो दर्दनाक हादसों में दो लोगों की अकाल मौत हो गई। सिरसी थाना क्षेत्र के मझोला गांव में तालाब में डूबने से एक वृद्ध की जान चली गई, वहीं कैंट थाना क्षेत्र के भेंटाघाट में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार को दोनों मामलों में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

जानकारी के अनुसार जिले के सिरसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मझोला में तालाब में डूबने से 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत का एक हृदयविदारक मामला सामने आया है। मृतक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि अमर सिंह (60) पुत्र मिश्री लाल निवासी ग्राम मझोला सोमवार शाम को गांव के तालाब की तरफ गए थे। अंदेशा जताया जा रहा है कि पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में गिर गए। देर शाम तालाब के पास रहने वाले एक परिवार ने पानी में शव तैरता हुआ देखा और इसकी सूचना देने के लिए गांव वालों को व्हाट्सएप पर फोटो भेजे। फोटो देखकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें लेकर तुरंत गुना अस्पताल पहुंचे, जहाँ जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी गई है।

वहीं जिले के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेंटाघाट में पुराने रेलवे फाटक के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां रेलवे पटरियां पार कर रहे 40 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह दुर्घटना सोमवार शाम करीब 8 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने मंगलवार को आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी। मृतक के छोटे भाई दिलीप सहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका भाई विजय सहरिया काम खत्म करके गांव लौट रहा था। इसी दौरान पुराना रेलवे फाटक गेट के सामने पटरियां क्रॉस करते वक्त यह भीषण हादसा हो गया।

जहरीली शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

राजपुरा में तड़के दी गई दबिश, 5 लाख रुपए कीमत की सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जहरीली शराब के निर्माण एवं अवैध मदिरा के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में मंगलवार तड़के राघोगढ़ वृत्त के ग्राम राजपुरा में दबिश दी गई। राघोगढ़ वृत्त प्रभारी मोहनीष शर्मा एवं थाना प्रभारी अजय जाट के नेतृत्व में आबकारी विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने ग्राम राजपुरा स्थित कंजरों के डेरों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पठार एवं झाड़ियों के बीच छिपाकर रखी गई प्लास्टिक की केनों में हाथभट्टी से निर्मित मदिरा बरामद हुई। इसके अलावा प्लास्टिक के ड्रमों एवं मिट्टी की कनस्तियों में गुड़-महुआ का लाहन भरा मिला।

कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग ने कुल 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 3400 किलोग्राम गुड़-महुआ लाहन जब्त किया। बरामद लाहन के नमूने लेकर शेष सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई गई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल द्वारा भी अवैध मदिरा से संबंधित सामग्री जब्त की गई।

आबकारी अधिनियम के तहत तीन प्रकरण दर्ज

दबिश के दौरान मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(फ) के तहत कुल तीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। मामले में आरोपियों की पहचान एवं आगे की विवेचना जारी है।

पूरी कार्रवाई में पुलिस बल का विशेष सहयोग रहा। अभियान में आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक सुजेम्मा एक्का सहित पुलिस विभाग के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन तथा जहरीली शराब के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

उमरिया में जमीन विवाद में खूनी संघर्ष

गुना। पड़ोसी जिले अशोकनगर के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरिया में जमीन के विवाद को लेकर अमानवीयता की सारी हदें पार हो गईं। यहां सगे भतीजों और उनके साथियों ने घर में अकेली 45 वर्षीय महिला पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। गंभीर हालत में परिजनों द्वारा उन्हें पहले अशोकनगर और फिर गुना होते हुए भोपाल रैफर किया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। पीड़िता की बेटी चंदा बाई ने बताया कि उनकी मां गुड्डी बाई घर पर अकेली थीं, तभी आधा दर्जन से अधिक लोग घर में जबरन घुस आए। आरोपी रिश्ते में सगे भतीजे बताए जा रहे हैं।

8 वर्ष पुराने मामले में फरार वारंटी दबोचा

गुना। चेक बाउंस के 8 वर्ष पुराने प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय गुना में चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण क्रमांक 37/18, धारा 138 एन.आई. एक्ट के अंतर्गत आरोपित बृजकिशोर उपाध्याय निवासी नजूल कॉलोनी, गुना के विरुद्ध न्यायालयीन कार्यवाही प्रचलित है। जिसमें आरोपित के लगातार न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के कारण न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। जिसकी तलाश के क्रम में गत दिवस पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई राजकुमार शर्मा, अजेन्द्रपाल सिंह की भूमिका रही।

आवारा सांड का आतंक मंत्री कोठी के पास बुजुर्ग समेत 7-8 लोगों को मारा सींग

गुना। शहर में आवारा पशुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को शहर के पॉश इलाके में स्थित मंत्री जी की कोठी के पास एक आक्रामक सांड ने अचानक राहगीरों पर हमला कर दिया, जिससे इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांड ने सडक पर अचानक तांडव मचाते हुए एक बुजुर्ग व्यक्ति को घायल कर दिया, जबकि करीब 7 से 8 अन्य लोगों को भी अपने सींगों से मारकर गंभीर रूप से चोट पहुंचाई। अचानक हुए इस जानलेवा हमले से मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोगों में जान बचाने की भगदड़ मच गई। इस घटना के बाद से आसपास के रहवासियों और दुकानदारों



में भारी दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सांड को पकडवे का अभियान शुरू किया। आक्रामक हुए सांड के तेवर इतने तीखे थे कि नपाकर्मियों को उसे काबू में करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकले चल समारोह का रघुवंशी समाज ने किया भव्य स्वागत

आरती उतारकर किया स्वागत, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सनातन धर्म के प्रमुख ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि भगवान वाल्मीकि के जन्म उत्सव पर चल समारोह का रघुवंशी समाज ने आत्मीय स्वागत किया। गुना शहर में वाल्मीकि समाज ने ज्ञान, त्याग और समरसता के प्रतीक, आदिबाल्मीकि त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि जी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में एक भव्य और ऐतिहासिक चल समारोह (शोभायात्रा) निकाला गया।

इस पावन अवसर पर सर्व समाज के साथ-साथ रघुवंशी समाज द्वारा चल समारोह का अत्यंत आत्मीय, भव्य और गरिमामय स्वागत किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के वंशज रघुवंशी समाज ने महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट करते हुए पूरी गर्मजोशी के साथ यात्रा का अभिनंदन किया।चल समारोह जैसे ही रघुवंशी समाज द्वारा बनाए गए स्वागत स्थल, पतंजलि स्टोर तेलघानी के समीप पहुंचा, वैसे ही पूरा वातावरण ₹जय वाल्मीकि, जय श्री राम₹ के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं ने मिलकर चल समारोह का नेतृत्व कर रहे अतिथियों, वाल्मीकि समाज के गौरवशाली प्रतिनिधियों का फूल-माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती उतारी गई और सुख-समृद्धि की कामना की गई।



विश्ववीर सिंह रघुवंशी भादोर ने बताया कि इस अवसर पर रघुवंशी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बताया कि, महर्षि वाल्मीकि जी केवल एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक हैं। उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर संसार को प्रभु श्री राम के आदर्शों से परिचित कराया। यदि महर्षि वाल्मीकि जी न होते, तो हमें भगवान राम के दिव्य चरित्र का ज्ञान नहीं मिल पाता। रघुवंशी समाज और वाल्मीकि समाज का संबंध सदियों पुराना और अटूट है। आज इस जन्मोत्सव के मौके पर उनका स्वागत करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।₹चल समारोह में शामिल झांकी आकर्षण का केंद्र रहे। रघुवंशी समाज की ओर से चल समारोह में शामिल सभी श्रद्धालुओं और आम जनता के लिए स्वागत की व्यापक व्यवस्था की गई थी।

समाज के युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ व्यवस्थाएं संभालीं और राहगीरों व भक्तों की सेवा की। इस भव्य स्वागत कार्यक्रम में रघुवंशी समाज द्वारा किए गए इस स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए, पधारे समाज के सभी बंधु जनों का आयोजकों ने हृदय से आभार व्यक्त किया। यह आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, समरसता और सनातन संस्कृति की एकता का एक अनुपम उदाहरण बनकर उभरा।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में खूनी संघर्षः पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रास्ते के विवाद को लेकर सनसनीखेज मारपीट का मामला सामने आया है। गली से आने-जाने की मामूली बात पर दबंगों ने एक शासकीय शिक्षक और उनके दो बेटों पर हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में तीनों पिता-पुत्र घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उपचाराधीन पीड़ित संतोष सिंह कुशवाह ने बताया कि वे मातापुरा स्थित शासकीय स्कूल में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं और मौसम कार्यालय के सामने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में परिवार संग निवास करते हैं। उनके अनुसार, कॉलोनी के ही कुछ लोग उस मार्ग से उनके परिवार के आने-जाने पर अकारण आपत्ति जताते थे। बीती रात इसी बात को लेकर आरोपियों ने उनके बेटे को रास्ते में रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। बेटे की चीख-पुकार सुनकर जब शिक्षक पिता और उनका दूसरा बेटा बीच-बचाव करने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर भी ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। पीड़ितों ने इस हमले को लेकर कुछ लोगों पर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जहां से पुलिस ने मेडिकल मुआयना के लिए उन्हें जिला अस्पताल भेजा।

समाचार संक्षेप

कुंभराज में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई, वरिष्ठजनों का किया सम्मान



कुंभराज। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस के अवसर पर कुंभराज में वाल्मीकि समाज द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं, वार्ड क्रमांक 10 स्थित निर्माणाधीन मंदिर परिसर में रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष नीरज मालवीय ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन सत्य, धर्म, सदाचार और मानवता का संदेश देता है। उनके आदर्श समाज को समरसता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। सभी ने महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को अपनाने और समाज में एकता, सद्भाव एवं भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

इदरीस मंसूरी बने ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के जिला उपाध्यक्ष



गुना। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने संगठनात्मक विस्तार के तहत कुंभराज निवासी इदरीस खान मंसूरी(पत्रकार)को गुना जिले का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के मध्य प्रदेश अध्यक्ष शफीक अंसारी ने 1 अक्टूबर 2026 को नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी।नियुक्ति पत्र में संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई गई है। साथ ही विश्वास व्यक्त किया गया है कि वे संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इदरीस खान मंसूरी की नियुक्ति को संगठन के जिला स्तर पर विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सीएमओ ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



राघौगढ़-विजयपुर। मंगलवार को नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप एमआरएफ सेंटर, कंपोस्ट प्लांट एवं एफएसटीपी प्लांट को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और प्लांटों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

राघौगढ़ में विद्यासागर सभागार में श्रमण धारा प्रवचन माला का आयोजन

धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए मंदिर निर्माण आवश्यकः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति एवं बुंदेली आशुकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगलवार को विद्यासागर सभागार, राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत "धर्म और संस्कृति की रक्षा कैसे करें" विषय पर मंगल प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए मंदिर निर्माण, जिन प्रतिमाओं की स्थापना, पंचकल्याणक महोत्सव तथा धार्मिक शास्त्रों का प्रकाशन महत्वपूर्ण है। मुनि श्री ने कहा कि इतिहास में अनेक बार जैन मंदिरों, प्रतिमाओं और धार्मिक ग्रंथों को नुकसान पहुंचाया गया, इसके बावजूद आज भी श्रद्धालु देव, शास्त्र और गुरु की आराधना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने और भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

मंदिर निर्माण और जीर्णोद्धार का बताया महत्व

मुनि श्रमण सागर जी ने कहा कि मंदिर निर्माण, प्रतिमाओं की स्थापना और पंचकल्याणक आयोजन जैन धर्म की प्रभावना के प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर निर्माण के साथ-साथ प्राचीन मंदिरों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार पर भी विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने खजुराहो और देवगढ़ के प्राचीन जैन मंदिरों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये धरोहरें भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाती हैं। उन्होंने आचार्य विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से निर्मित विभिन्न धार्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों का उल्लेख किया। इनमें कुंडलपुर, नेमावर, अमरकंटक और डोंगरगढ़ के जैन मंदिरों के साथ अस्पताल, बालिकाओं के आवासीय विद्यालय एवं गौशालाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं का निर्माण समाज को आध्यात्मिकता के साथ सेवा की प्रेरणा भी देता है।

मुनि श्री ने कहा कि प्राचीन जैन ग्रंथों का संरक्षण और नए शास्त्रों का प्रकाशन धर्म एवं संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने और अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में योगदान देने की अपील की। प्रवचन के अंत में उन्होंने अपनी लोकप्रिय कविता "वास्तविकता तो किसी न किसी खिड़की से झांक ही लेती है" का पाठ किया।

श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली अम्बरीष देव की पालकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर आरोन में सोमवार को 108 अम्बरीष महाराज देव की असीम अनुकम्पा से अम्बरीष देव जी महाराज की भव्य पालकी शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, आरोन द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का यह चौथा वर्ष रहा। शोभायात्रा में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महाराज के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे सेजी मोहल्ला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से हुआ। यहां से पालकी शोभायात्रा सदर बाजार, गुलाबगंज मेन मार्केट सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बारा हनुमान मंदिर पहुंची और इसके बाद बायपास रोड स्थित अम्बिका मैरिज गार्डन में संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण रहा।शोभायात्रा के पश्चात अम्बिका मैरिज गार्डन में अतिथि स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही कलश स्थापना, पूजन एवं आरती कर सुख-समृद्धि और समाज की उन्नति की कामना की गई। कार्यक्रम में महिला मंडल द्वारा स्टेज प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया। वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण भी किया गया।

स्वामित्व योजना को गति देने में जुटा राजस्व अमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

कुंभराज में स्वामित्व योजना को गति देने में जुटा राजस्व अमला, रात्रिकालीन शिविरों से कार्यों में तेजी है। तहसील कुंभराज में स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग लगातार सक्रिय है। अनुविभागीय अधिकारी चांचौड़ा अमित सोनी के मार्गदर्शन और तहसीलदार कुलदीप जादौन के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दिन के साथ-साथ रात्रिकालीन शिविर भी लगाए जा रहे हैं, ताकि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरे किए जा सकें। तहसीलदार जादौन ने तहसील के समस्त स्टाफ की बैठक लेकर स्वामित्व योजना, राजस्व प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन तथा ईडब्ल्यूएस एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र सहित विभिन्न शासकीय सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों को आपसी समन्वय और टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वंदनीय माताजी एवं अखंड दीप की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में राघौगढ़ में 24 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ का शुभारंभ शरद पूर्णिमा पर भूमिपूजन एवं देवपूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया। शांतिकुंज के प्रतिनिधि एवं उपजोन प्रभारी मोहन सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में वैदिक विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर यज्ञ, दान, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन और व्यसनमुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। **ये होंगे प्रमुख आयोजनः** 28 अक्टूबरः शाम 6 बजे नगर में वाहन रैली। 29 अक्टूबरः शाम 6 बजे विचार क्रांति ज्ञान मशाल रैली। 30 अक्टूबरः सुबह 9 बजे बावड़ी वाले हनुमान मंदिर से विशाल कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा।

शिवम ने विज्ञान मॉडल में हासिल की सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बीनागंज के प्रतिभाशाली विद्यार्थी भैया शिवम शर्मा ने अपनी उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानव हृदय की संरचना पर आधारित विज्ञान मॉडल के लिए शिवम ने जिला स्तर, विभाग स्तर एवं प्रांत स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान मेला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।देवास में आयोजित प्रदर्शनी में मानव हृदय की संरचना पर आधारित मॉडल के माध्यम से शिवम ने अपनी वैज्ञानिक समझ और रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि के बाद अब वे अखिल भारतीय स्तर पर मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। लगभग 800स्कूलों ने भाग लिया।शिवम की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के आचार्यों एवं समस्त परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रोहित रघुवंशी और निखिल धुरेंटे बने मध्यप्रदेश टीम के कोच

जूनियर नेशनल वुशू के लिए एमपी में सबसे ज्यादा 8 खिलाड़ी अशोकनगर से



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वुशू खेल में अशोकनगर ने फिर साबित कर दिया कि छोटा जिला भी बड़े कारनामे कर सकता है। चेन्नई में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक होने वाली जूनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप के लिए घोषित मध्यप्रदेश की 38 सदस्यीय टीम में अकेले अशोकनगर के 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। जिले के लिए डबल खुशी तब आई जब मध्यप्रदेश वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता ने अशोकनगर के दो युवा कोच रोहित रघुवंशी और निखिल धुरेंटे को मध्यप्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया।दोनों को सांडा (फाइट) और ताऊलू (इवेंट) की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश वुशू के इतिहास में पहली बार किसी एक जिले के दो कोचों को एक साथ स्टेट टीम की कमान मिली है। अशोकनगर के चैंपियंस ताईची/ताईचिक्वान अनुराग बरहा, परी भट्टचांगक्वान, दाओशु, गुनशु अंशिका त्रिवेदी, पवन यादव, युवराज देवलिया,सांडा फाइट सुशील राव जाधव, बघेल सिंह, मिस्टी नामदेव,मध्यप्रदेश की टीम 26 अक्टूबर को भोपाल से चेन्नई के लिए रवाना हो चुकी है। खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन द्वारा सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट प्रदान किए गए हैं। इस गौरवमयी उपलब्धि पर खेल संचालक आइपीएस चंचल शेखर, म.प्र. वुशू संघ अध्यक्ष एवं एडीजी आइपीएस जयदीप प्रसाद, सचिव मनोज गुप्ता, वुशू संघ अशोकनगर अध्यक्ष दया सिंह संधू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, वरिष्ठ कोच राजदीप सिंह, राजकुमार खरे, मुस्ताक खान, विनोद पाल सहित समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।



जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर ने आवेदकों की सुनीं समस्याएं

अशोकनगर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन एवं अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 201 आवेदकों ने आवेदन दिए। जनसुनवाई में ग्राम बर्रा निवासी जगन्नाथ सिंह द्वारा भूमि का बटांकन,चंदेरी निवासी जगनलाल अहिरवार द्वारा पेंशन,ग्राम रावसर निवासी परमाल यादव द्वारा भूमि का सीमांकन,अशोकनगर निवासी पार्वती बाई द्वारा आर्थिक सहायता राशि,ग्राम छैलाई निवासी नीलम सिंह द्वारा ग्रामीण स्तर पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध,बांसखेडी निवासी दिमान सिंह द्वारा बिजली की व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने,पिपरई निवासी भागवती प्रजापति द्वारा आर्थिक सहायता राशि,ग्राम गोरा निवासी कुन्दौरा निवासी भरोसा अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने,शाढोरा निवासी कल्लू सिंह द्वारा भूमि के पट्टे पर अम्ल कराए जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

एफओबी की खूबसूरत पेंटिंग पर थूकने से नाराज हुए नपा अध्यक्ष, स्वयं की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा फुट ओवरब्रिज पर आकर्षक पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा है। रंग-बिरंगी और खूबसूरत कलाकृतियों से सुसज्जित हो रहा यह एफओबी नगर वासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां से गुजरने वाले लोग पेंटिंग की सुंदरता को निहारने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं।

लेकिन इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा एफओबी की खूबसूरत पेंटिंग पर थूककर गंदगी फैला दी गई। इस बात की जानकारी मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए स्वयं कपड़ा और पानी लेकर पेंटिंग पर लगी गंदगी को साफ किया। इसके साथ ही एफओबी के पीछे स्थित दुकानों की दीवार भी गंदी हो गई थी। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित दुकानदारों से चर्चा कर उन्हें सफाई के प्रति जागरूक किया और दुकानों के पीछे की दीवार को भी साफ करवाया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने नगरवासियों एवं दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि अशोकनगर हमारा अपना शहर है और इसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक ओर नगर को सुंदर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा गंदगी फैलाना उचित नहीं है। सभी नागरिक सार्वजनिक स्थलों, दीवारों और पेंटिंग को स्वच्छ रखें तथा शहर की सुंदरता को बनाए रखने में सहयोग करें।

पुलिस ने 6 आरोपियों के पास से पिकअप वाहन और 23 क्विंटल मक्का जब्त की



अशोकनगर। नवीन कृषि मंडी अशोकनगर में धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने के प्रयास करने के प्रकरण में अशोकनगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 06 आरोपी गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन एवं लगभग 23 क्विंटल मक्का जब्त करने मे सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर को फरियादी वैभव जैन, संचालक फर्म वैभव इंटरप्राइजेस, द्वारा थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी फर्म के मुनीम शिवकुमार शर्मा, विशाल पाल एवं अनिकेत यादव ने अपने सहयोगियों राकेश साहू, विनीत रजक एवं नीरज जैन के साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक मक्का की बिक्री किए बिना 44,756 की राशि हड़पने का प्रयास किया था, जिस पर से देहात पुलिस ने मामला दर्ज किया था। गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त छह आरोपियों विनीत रजक, शिवकुमार शर्मा, राकेश साहू, नीरज जैन, अनिकेत यादव एवं विशाल पाल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो पिकअप वाहन एवं लगभग 23 क्विंटल मक्का विधिवत जब्त किया गया।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में टेबल टेनिस के साथ रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमे आज छात्रों के टेबल टेनिस, 100, 200, एवं 400 मीटर रिले रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया। जिसमे टेबल टेनिस मैच में सिविल ब्रांच के अक्षुन्य रघुवंशी ने प्रथाम स्थान, इलेक्ट्रिकल ब्रांच के अक्षत रघुवंशी तथा सिविल ब्रांच के लव साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके बाद संस्था के क्रिकेट ग्राउंड में 100 मीटर रेस का आयोजन किया गया जिसमे छात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के विनीत कुशवाह तथा छात्राओं में इलेक्ट्रिकल ब्रांच की कशिश वाल्मिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी क्रम में छात्रों में मैकेनिकल ब्रांच के अभिषेक सैनी तथा छात्राओं में सिविल ब्रांच की जेसिका पटेलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वही छात्रों में मैकेनिकल ब्रांच के अरुण कुशवाह तथा छात्राओं में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की भारती शाक्य ने तृतीय स्थान प्राप्तकिया। 200 मीटर रेस का आयोजन किया गया जिसमे छात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के विनीत कुशवाह तथा छात्राओं में इलेक्ट्रिकल ब्रांच की कशिश वाल्मिक ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी क्रम में छात्रों में मैकेनिकल ब्रांच के मानव त्यागी तथा छात्राओं में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की वर्षा प्रजापति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वही छात्रों में सिविल ब्रांच के अक्षुन्य रघुवंशी तथा छात्राओं में सिविल ब्रांच की याशिका अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले रेस का आयोजन चार-चार छात्र-छात्राओं की टीम के बीच में किया गया द्य जिसमे छात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच ने तथा छात्राओं में सिविल ब्रांच ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी क्रम में छात्रों में इलेक्ट्रिकल ब्रांच ने तथा छात्राओं में भी इलेक्ट्रिकल ब्रांच ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वही छात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच ने तथा छात्राओं में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिता के अतिरिक्त बालीबाल, रस्सा कस्सी, गोला फेक एवं लम्बी कूद का भी आयोजन संस्था के ग्राउंड में किया जाना है द्य इन प्रतियोगिताओं में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अथवा छात्रा का चयन छात्र परिषद में क्रीडा सचिव के पद पर किया जाएगा।

गणेश शंकर विद्यार्थी की 136वीं जयंती पर किया माल्यार्पण मरीजों को बांटे फल



ईसागढ़। महान स्वतंत्रता सेनानी,अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की 136वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को ईसागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में पत्रकार साथियों द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान उनके संघर्ष पूर्ण जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान,निर्भीक पत्रकारिता और समाज के प्रति समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर पत्रकार अमित गोस्वामी, दिनेश सेन, कपिल शर्मा, राहुल शर्मा एवं वार्ड क्रमांक 15 पार्षद प्रतिनिधि राम प्रसाद खटीक सहित स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ.लख्मी चंद, अस्पताल का स्टाफ तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

पिपरई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए स्वयंसेवक नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। पथ संचलन के दौरान जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस दौरान नगर में उत्साह और राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला।

मंडी प्रांगण से शुरू हुआ पथ संचलन

पथ संचलन का शुभारंभ मंडी प्रांगण से हुआ। यहां से स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। मार्ग में नागरिकों ने अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर और पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर हुए स्वागत से स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ा। नगर भ्रमण के बाद पथ संचलन पुनः मंडी प्रांगण पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।

खबर संक्षेप

जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। ईसागढ़ पुलिस ने बहेरिया में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सिरनाम प्रजापति, चंदन बंजारा, दीपक कुशवाह,विशाल चैहान, रामपाल प्रजापति को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 6100 रूपए व ताश की गडडी बरामद की है। बहेरिया में ही दूसरे अडडे से पुलिस ने कैलाश, भागीरथ व घनश्याम आदिवासी को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 700 रूपए व ताश की गडडी बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने मुंगावली में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए टोनी चैहान, अरूण कुशवाह, रोहित कुशवाह,गोलू अहिरवार, कृष्णा राजपूत को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी व 1900 रूपए बरामद किए हैं।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत सीताराम लोधी निवासी ग्राम खैरा उम्र 40 साल ने अपने ही खेत में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी नीतू योगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहित रजक, फूलाबाई, तनु व मनु रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया महू निवासी रमेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवनारायण मिश्रा,जगदीश, लल्लीराम व अजय मिश्रा, सिया मिश्रा, रनिया मिश्रा, अनीता मिश्रा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जगदीश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है की रमेश,आशीष और अनुज शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खाईखेडा निवासी रमेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश, रवि, खचैड़ा और लखन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरा निवासी पहलवान अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सिरदार सिंह खिल्लू, भूरा, छोगीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माधौगढ निवासी दिलवाग पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मण पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी घनश्याम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नदीम जाफरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

सांस्कृतिक युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

अशोकनगर। संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा सांस्कृतिक जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन 28 अक्टूबर को रघुवंशी धर्मशाला वायपास रोड अशोकनगर में किया जायेगा। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर यह आयोजन 05 विधाओं समूह लोकनृत्य,समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड नाटक की विद्याओं में संचालनालय से प्रदत्त गाईड लाईन अनुसार किया जाना है। 15 से 29 वर्ष तक आयु वर्ग के युवा कलाकार इस आयोजन मे सहभागिता करेंगे। जिन युवाओ ने आवेदन नहीं दिया है वे आफलाईन आवेदन पत्र में जन्म प्रमाण पत्र /10 वीं अंकसूची, आधार कार्ड, 01 पासपोर्ट फोटो आदि संलग्न कर आयोजन से पूर्व कार्यालय में जमा कराकर भाग ले सकेंगे। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को संभाग और संभाग पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर प्रतिभागिता हेतु भेजा जावेगा।

महिलाएं सजने संवरने से लेकर सामान की खरीदारी में लगीं

करवाचौथ को लेकर अशोकनगर शहर के बाजार हुए गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





करवाचैथ का पर्व इस बार भी अशोकनगर शहर में हर बार की तरह बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। करवाचैथ के व्रत को लेकर महिलाएं तैयारियों में लगी हैं। सही पूछो तो करवाचैथ का यह पर्व महिलाओं का पर्व है। इस पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ है शहर से लेकर गांव तक की महिलाएं अपने जरूरत का सामान बाजार से खरीदने में लगी हुई हैं।

करवाचैथ का व्रत विवाहित महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है इस दिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए निर्जला उपवास करती हैं। यह व्रत प्रेम समर्पण और आस्था का प्रतीक है। वैसे तो यह पर्व विवाहित महिलाएं ही करती है लेकिन अब अविवाहित युवतियां भी अपने भाभी जीवन साथी या प्रेमी के लिए यह व्रत को रखती है। लेकिन इस तरह की व्रत को अनुकूल नहीं माना गया है। गर्वभती महिलाओं को भी करवा चैथ का निर्जला व्रत नहीं रखना चाहिए क्योंकि महिलाओं के पेट में पल रहे शिशु के लिए पोषण और जल की आवश्यकता होती है। करवाचैथ का यह व्रत तभी शुभ फल देता है जब से श्रद्धा और सच्चे मन के साथ मनाया जाए तो इस पर्व की सार्थकता होती है।

30 हजार से अधिक शहर में महिलाएं मनाएगीं करवाचैथ का पर्व

अशोकनगर शहर में करवाचैथ का पर्व इस बार भी शहर की 30 हजार से अधिक महिलाओं द्वारा मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर महिलाएं करवाचैथ के दिन आने वाले सामग्री क्रय करने में लगी हैं। बाजार में साड़ी विक्रेताओं के यहां महिलाएं अपनी पंसद की साड़ी खरीद रही हैं। अनेक महिलाएं करवा चैथ पर नई साड़ी खरीदने में लगी हैं। इस दौरान करवा व्रत पूजा में उपयोग आने वाली सामग्री चलनी, करवा आदि की भी खरीदारी कर रही हैं। शहर के सोन्दर्य प्रसाधन वाली दुकानों पर महिलाओं की कतार लगी है। सजने सवरने के लिए महिलाएं अपनी पसंद की सामग्री खरीद रही हैं। शहर के बाजार महिलाओं से गुलजार हैं अनेक महिलाएं ब्यूटीपार्लर भी बुक कर चुकी हैं। करवाचैथ का यह पर्व अशोकनगर शहर में चांद निकलते ही मनाया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंस से भी मनाया जाएगा करवाचैथ का पर्व

इस पर्व पर जिन महिलाओं के पति नौकरियों पर हैं या सैना में हैं या फिर देश से बाहर हैं उन महिलाओं के द्वारा भी इस पर्व पर व्रत रखकर वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व की खास बात यह है कि महिलाएं यदि इस दिन घर से बाहर हैं तो वह घर पर पहुंच जाती हैं और यदि घर से बाहर है तो वह भी करवाचैथ के दिन अपने घर पर पहुंच जाता है। करवाचैथ के दिन शहर में मकानो की छत पर महिलाओं को सज सवरकर चलनी में चांद को देखा जाता है और पति को चलनी में देखकर निर्जला उपवास तोड़ा जाता है। पति महिलाओं को जल पिलाते हैं इस पर्व पर अब कईं पुरूष भी उपवास रखने लगे हैं।

करवाचौथ में इस बार राजस्थानी थीम भी दिखाई देगी

करवाचैथ के इस पर्व पर जहां पंजाबी समाज की महिलाएं सज सवरकर अशोकनगर शहर के गुरूद्वारा पहुंचकर करवाचैथ मनाएंगी वहीं इस बार महिलाओं द्वारा राजस्थानी थीम क साथ करवाचैथ का पर्व मनाया जाएगा। विभिन्न जाती और धर्म के लोग भी इस पर्व को मनाते हैं घर घर में यह पर्व मनते हुए देखा जाएगा। शहर के गांधी चैक पर तमाम प्रकार की सामग्री की दुकाने सजी हैं। जहां से महिलाएं सामग्री को खरीदते हुए देखी जा सकती हैं।

मैकअप के ट्रेन्ड का करवाचैथ पर रहेगा जोर

करवाचैथ सेलिब्रेशन में इस बार मैकअप के ट्रेन्ड को पूरी तरह से बदलकर देखा जा रहा है। महिलाएं अब सज संवरने के बाद अपना लुक इंस्ट्राग्राम, सोशल मीडिया और फेसबुक पर सेण्ड करने की तैयारियों में हैं। मेकअप और हेयर स्टाइल के जो पुराने आईडिया थे वह बदल रहे हैं। मेकअप के दौरान फाइनल लुक वीडियो बनाकर तैयार हो रही हैं। महिलाएं ब्यूटीपार्लर पर जाकर 5 से 10 हजार रूपये खर्च कर रही है। ब्यूटीपार्लर पर महिलाओं के लिए समय भी तय किया गया है।

मैकअप के साथ हेयर स्टाइल भी खास होगाः इस बार मैकअप में नैच्युरल फीचर्स को उभारने वाला स्टाइल ट्रेन्ड में हैं। चेहरे पर नेच्यूरल ग्लो लाने के लिए हाइलाईटर का कम और सटीक इस्तेमाल किया जा रहा है। हेयर स्टाइल में इस बार खास फोकस महिलाओं में है। जिसमें लम्बी चोटी का स्टाईल चलन में है जिन्हे नेच्यूरल फूलों से सजाया जा रहा है। सीनियर लेडीज अपनी शादी की यादे ताजा करने के लिए नए मेकअप को प्राथमिकता दे रही हैं।

पीएमश्री महाविद्यालय में जन सुरक्षा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन



अशोकनगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में उच्च शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त पहल के अंतर्गत "जन सुरक्षा युवा संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जन सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा पुलिस एवं विद्यार्थियों के मध्य संवाद स्थापित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न सुरक्षा संबंधी विषयों की जानकारी प्रदान करते हुए कानून का पालन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1091 एवं 181, आपातकालीन सहायता हेतु 112, बाल सहायता हेतु 1098, साइबर अपराधों की शिकायत हेतु 1930 तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 की उपयोगिता एवं इनके माध्यम से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश, रक्षित निरीक्षक मोनिका जैन, थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक ऋतु चैहान, प्राध्यापक डॉ. जयप्रकाश अहिरवार, डॉ. राजकुमार जाट, डॉ. मोना यादव, मीडिया प्रभारी अरविन्द कौशिक, निरीक्षक संजय गुप्ता, उपनिरीक्षक सुमरन कुडापे, प्रधान आरक्षक हरिओम पंत,आर0 मैयालाल, आर0 शिवकुमार, आर0 हरवीर मीना सहित महाविद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

चंदेरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला भव्य पथ संचलन

चंदेरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के तत्वावधान में सोमवार को चंदेरी नगर में पूर्ण गणवेश के साथ भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन का शुभारंभ नगर स्थित बड़ी सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना की। इसके पश्चात हाथों में दंड लाठी और संघ की पूर्ण गणवेश सफेद शर्ट, खाकी पैंट, काली टोपी) धारण किए स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए मुख्य मार्गों की ओर रवाना हुए। बड़ी सरस्वती स्कूल से शुरू हुआ यह पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों व चैराहों से होकर गुजरा। संचलन दिल्ली दरवाजा, निजामुद्दीन चैराहा, डोलिया गेट आदि प्रमुख क्षेत्रों से होते हुए पुनः बड़ी सरस्वती स्कूल पहुँचकर संपन्न हुआ।



चीर हरण हुआ, क्योंकि सभा कौरवों की थी:मुनिश्री निरंजन सागर





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा में कहा कि एक भरी सभा में एक पुरुष एक स्त्री के केश पकड़कर ला रहा है। इस अपमान का विरोध करने वाला उस सभा में कोई भी नहीं उठा। यहाँ तक की न्याय और नीति के ज्ञाता भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य जी आदि भी वहां पर मौजूद थे। धर्मराज युधिष्ठिर, महाबलशाली भीम, महान धनुर्धारी अर्जुन, महा पराक्रमी नकुल और श्रेष्ठ योद्धा सहदेव भी उसी सभा में मौजूद थे। अन्य सभासद भी मात्र मौन रहकर इस दृश्य को देख रहे थे। कोई भी कुछ भी करने में सक्षम नहीं था। क्यों? क्योंकि सभा कौरवों की थी। कौरव प्रतीक थे अन्याय के अनीति के, अधर्म के, कुटिलता के, दुर्जनता के, दुष्टता के और पाण्डव प्रतिक थे, न्याय के, नीति के, धर्म के, सज्जनता के, शिष्टता के, निष्कपटता के।

उन्होंने कहा कि याद रखना धर्म जब भी अधर्मी की सभा में जायेगा वह वहां पर अपमानित ही होगा। इसलिये नीतिकारों ने भी कहा है धर्मात्मा को अपने धर्म की रक्षा करनी है तो अधर्मात्मा की संगत से बचो। उनकी संगत, उनकी सभा से दूर रहो। अब आपके अन्दर एक प्रश्न उठता है कि महाराज जी अगर हम कभी गलती से ऐसी सभा में फंस जाये तो क्या करें? तब इस प्रश्न का उत्तर यही है, जो द्रौपदी ने किया था। अपने हृदय में गुरु को सदैव धारण करो। द्रौपदी ने ऐसी विपत्ति के समय अपने गुरु श्री कृष्ण जी का स्मरण किया।

उसका परिणाम सभी को ज्ञात है की अपमानित करने वाला स्वयं ही अपमानित हो गया। यह भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु की महिमा का श्रेष्ठतम उदाहरण है। गुरु हमें हर एक विपरीत परिस्थिति से बचाते हैं। बस हम उन पर विश्वास रखें। गुरु हमें बदलना सिखाते हैं, न की बदला लेना। जितना हो सके ऐसी कौरवों की सभा में न जाये और अगर गलती से फंस जाये तो हृदय में गुरु को जरूर धारण करके जाये, वो ही आपको सही रास्ता दिखा सकते है ओर आपको ऐसी विपरीत परिस्थिति से बचा सकते है। प्रबचन सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

वृद्धाश्रम में सेवा कर मनाया आचार्य श्री का अवतरण दिवस

अशोकनगर। जैन मिलन सेंट्रल द्वारा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 80 वां एवं नवाचार्य समय सागर जी का अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक सेवाकार्य कर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुना रोड स्थित अपना घर परिवार वृद्धाश्रम में हुई। सर्वप्रथम आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने किया। तत्पश्चात वृद्धजनों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डॉ. नीलेश जैन मोनू ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के अगले चरण में संस्था की ओर से वृद्धजनों को उपयोग के लिए एक इलेक्ट्रिक गीजर भेंट किया गया, जिससे उन्हें आगामी सर्दी के मौसम में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही, सभी वृद्धजनों को ताजे फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने आचार्य श्री के जयकारों के साथ इस आयोजन को बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न किया। उपरोक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र कोचर, अध्यक्ष अतुल बंसल, मंत्री मनोज बहादुरपुर, उपाध्यक्ष अजित जैन बीमा कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी,सत्येंद्र जैन, राकेश जैन मिर्ची, सचिन भूमा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

27 जुलाई को विवाद के बाद दोनों पक्षों पर हुआ था मुकदमा

बकरी चोरी पर हुए विवाद में तीन माह बाद जेठ ने बहू की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर थानाक्षेत्र के गोरा चक्क गांव में मंगलवार दोपहर एक जेठ ने अपनी छोटे भाई की पत्नि को घर में अकेला पाकर तीन माह पुरानी रंजिश में कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी, यही नहीं इस जघन्य कृत्य में बेटे को भी भागीदार बना लिया। इस विवाद की शुरुआत ठीक तीन महीने पहले 27 जुलाई की रात नौ बजे एक बकरी के गुम होने पर हुई थी। जिससे दोनों परिवारों के बीच रंजिश बढ़ती गई और अंततः इस रंजिश ने खूनी खेल खेला, जिससे दोनों परिवार उजड़ गए।

दरअसल, मंगलवार दोपहर गोराचक्क गांव में शोभाराम अहिरवार की 40 वर्षीय पत्नि गायत्री बाई घर पर अकेली थी। मौके की ताक में बैठा उसका जेठ सीताराम अहिरवार अपने 22 वर्षीय बेटे आकाश के साथ घर पहुंचा और अकेली निहत्थी गायत्रीबाई के सिर में कुल्हाड़ी मार दी। कुल्हाड़ी का वार इतना तेज था कि गायत्रीबाई ने एक चीख मारते हुए मौके पर ही दम तोड़ दिया, चीख को सुनकर लोग दौड़े तो बाप-बेटे भाग निकले, जिन्हे बाद में पुलिस ने पकड़ लिया। वहीं गायत्री बाई को बेदम हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरपुर लाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पोस्टमार्टम हुआ और परिजनों के सुपुर्द षव कर पुलिस ने गांव में तैनाती कर दी। थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है, जिसमें सीताराम एवं आकाश आरोपी हैं।

हत्या की इस घटना के कारण को समझने 27 जुलाई की रात 9 बजे हुए दोनों परिवारों के मध्य विवाद को समझना होगा। बताया गया है कि सीताराम अहिरवार की बकरी गायब थी, जिसे गायब करने के पीछे सीताराम को शक था कि शोभाराम ने उसकी बकरी चुरा कर बेच दी है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में लात-घूसे और लाठियां चलीं। पुलिस ने सीताराम की पत्नि काशीबाई की ओर से शोभाराम, विक्रम, छोटू पर एवं शोभाराम की शिकायत पर सीताराम एवं आकाश पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने एवं गाली-गलौच का मुकदमा दर्ज कर दिया था।

इनका कहना है

बकरी के गुम होने पर दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद रंजिश बढ़ गई और आज यह दुखद घटनाक्रम हुआ है। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अभिरक्षा में मृतका का अंतिम संस्कार कराया जा रहा है।
नीलम सिंह यादव, थाना प्रभारी, बहादुरपुर

लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी सुलभ शौचालय बंद पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



नगर परिषद ईसागढ़ द्वारा नगरवासियों की सुविधा के लिए बनाया सुलभ शौचालय जिस पर लाखों रूपये खर्च किए जिसके बन्द पड़े रहने से यह मात्र नगर में शो पीस बना हुआ है इसका उपयोग न होने से नगर वासी एवं क्षेत्रवासी हो रहे हैं परेशान यहां बस स्टैंड के कारण राहगीरों एवं दुकानदार के लिए सुविधा मिलती लेकिन इसका किसी को लाभ नहीं मिला।

बताया जाता है कि इस सुलभ शौचालय में जब भी कोई गया। वह बीमार हो गया इसलिए इसको अधिकांश बन्द ही रखा जाता है। जनपद पंचायत कार्यालय के पास बना सुलभ शौचालय भी जर्जर अवस्था में पड़ा है वो भी बन्द है जहां बस स्टॉप एवं ईसागढ़ ब्लॉक के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के लोग तहसील कोर्ट और जनपद पंचायत ईसागढ़ में सैकड़ों ग्रामीण आते हैं जिनको शौचालय के लिए दर दर भटकना पड़ता वही बस स्टैंड स्थित शौचालय में भी ताला लगा रहता है जिस कारण यात्री एवं नगरवासी सिंह सागर तालाब किनारे खुले में शौच करने के लिए विवश हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जन प्रतिनिधि मौन है इस ओर किसी का इस ओर ध्यान नहीं हैं।

इनका कहना है

जनपद पंचायत ईसागढ़ परिसर कदवाया रोड पर बना शौचालय क्षतिग्रस्त है जिस कारण उसमें ताला लगाया हुआ है और दूसरा बस स्टैंड स्थित शौचालय में कुछ कमी है जिनको दुरुस्त कर जल्दी ही चालू किया जाएगा। तीसरा वार्ड ओडीला में स्थित शौचालय को दिखवाता हूं।
सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह नगर परिषद ईसागढ़

आचार्य श्री के अवतरण दिवस पर गरीबों को निःशुल्क भोजन प्रदाय किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं वर्तमान आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति, अशोकनगर द्वारा सेवा, करुणा एवं जनहित को समर्पित एक सराहनीय पहल की गई।

इस विशेष अवसर पर महासमिति की सदस्याएँ अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुँचीं, जहाँ जरूरतमंद, असहाय, मजदूर वर्ग एवं गरीब लोगों को फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना तथा गुरुदेव के त्याग, तपस्या, करुणा और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर इंदु गांधी ने उपस्थित लोगों को बताया कि आज हमारे पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का जन्मोत्सव है। इसी पावन अवसर पर महासमिति द्वारा आप सभी के बीच फल एवं मिठाई का वितरण किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर जनहित में एक और महत्वपूर्ण पहल सेवा कार्य के साथ-साथ श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की सदस्याओं ने रेलवे स्टेशन पर उपस्थित अधिकारियों नवीन कुमार सैनी व एवं सुरेश जोगिकर सहायक उप निरीक्षक से मुलाकात कर यात्रियों की सुविधा से जुड़ी एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। महासमिति की ओर से अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि प्लेटफॉर्म नंबर 2 की ओर आने वाले मुख्य प्रवेश द्वार पर एक स्पष्ट सूचना-पट्ट (बोर्ड) लगाया जाए,जिससे यात्रियों को अंदर प्रवेश करने के सही मार्ग की जानकारी मिल सके। राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी,वर्तमान महामंत्री प्रियंका जैन,कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा, महिला प्रकोष्ठ विनिता सोनी,युवा प्रकोष्ठ विनिता जैन, सहमंत्री वर्षा सिंघई,मध्यांचल महिला प्रकोष्ठ सपना अजमेरा, सुनीता चैधरी इंदिरा पाली सुधा सुधा सरला रीना जैन सिम्मी जैन बॉबी मनिका रानी रसीला एवं कार्यकारिणी के सदस्य भी शामिल रहे।

जगह-जगह हुआ आत्मीय स्वागत

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी



नगर में सोमवार की शाम महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन पर्व के उपलक्ष्य में वाल्मीकि समाज द्वारा एक भव्य चल समारोह शोभायात्रा अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ निकाला गया। यह भावपूर्ण चल समारोह दिल्ली दरवाजा स्थित वाल्मीकि समाज द्वारा निर्मित वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों, चैक-चैराहों से होते हुए भक्तिमय वातावरण में आगे बढ़ी। जुलूस के दौरान श्रद्धालु भजनों एवं जयकारों की गूंज पर झूमते नजर आए।

जगह-जगह हुआ स्वागत

चल समारोह के दौरान नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसी क्रम में नरसिंह मंदिर के समीप त्रिपुरारी लाल टोपी चैबे परिवार की ओर से चल समारोह का भव्य एवं आत्मीय स्वागत पं0 महादेव प्रसाद चैबे पं0 तिरपुरारी चैबे एवं पं0 रमाकांत मिश्रा नीरज मिश्रा सचिन प्रजापति सूरज प्रकाश मिश्रा अवधेश तिवारी आदि के द्वारा सभी वाल्मीकि समाज के लोगों का किया गया। चैबे परिवार द्वारा श्रद्धालुओं एवं चल समारोह में शामिल लोगों का अभिनंदन किया गया। नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के पश्चात चल समारोह पुनः दिल्ली दरवाजा स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुँचकर संपन्न हुआ, जहाँ महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इन खतरनाक गनों से प्रदेश के कई जिलों में झुलस चुके हैं बच्चे व अन्य

दीपावली पर कार्बाइन गन, पोटाश गन प्रतिबंधित, आदेश हुआ जारी

पुलिस एवं राजस्व अधिकारी करेंगे सतत निरीक्षण व निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



दीपावली पर्व पर आमजन की सुरक्षा एवं संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेशानुसार जिले में कार्बाइड गन, कार्बाइड लैम्प, पोटाश गन तथा ऐसी आतिशबाजी एवं पटाखे जिनमें बेरियम लवण, पारा एंटीमनी, आर्सेनिक, सीसा एवं स्ट्रॉन्शियम क्रोमेट का उपयोग किया गया हो, के क्रय-विक्रय, वितरण तथा सार्वजनिक अथवा व्यावसायिक प्रयोजन के लिए भंडारण पर प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार ऐसे पटाखे जिनकी विस्फोटक तीव्रता विस्फोटक स्थल से 4 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक हो, प्रतिबंधित रहेंगे। आदेश के तहत सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केन्द्रों, न्यायालयों, गैस गोदाम, पेट्रोल पम्प, पटाखा बाजार एवं धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार की आतिशबाजी का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

आदेश के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्यवाही

जारी आदेशानुसार पटाखों एवं आतिशबाजी का ई-कॉमर्स कंपनियों एवं निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन विक्रय तथा गैर-लाइसेंसी व्यक्तियों द्वारा विक्रय भी प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश संपूर्ण राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत वैधानिक एवं दाण्डिक कार्यवाही की जाएगी।

अधिकारियों की रहेगी आदेश का पालन करवाने की जिम्मेदारी

जिले में आदेश के प्रभावी पालन के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक निरीक्षण एवं निगरानी की जाएगी। समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आदेश का प्रभावी पालन सुनिश्चित करेंगे।

पूर्व के सालों में हो चुकी हैं काफी घटनाएं

आपको बतादें कि पूर्व के सालों में राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कार्बाइड गन, पोटाश गन से बच्चों समेत अन्य व्यक्तियों के घायल होने काफी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ मामलों में बच्चे अपनी आंखे तक खो चुके हैं। पोटाश गन से न केवल हाथ चोटिल हुए बल्कि शरीर के अन्य अंग भी बुरी तरह झुलसे हैं। इन्हीं सब मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

पचोर-सारंगपुर हाईवे पर ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 5 घायल, एक रेफर

पिकअप में सवार थे 6 लोग, तीन भैंस और दो पाड़ी भी थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पचोर-सारंगपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर करीब 3.50 बजे भैंसों से भरी खड़ी पिकअप को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार पांच लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे शाजापुर रेफर किया गया है। दुर्घटना में एक पाड़ी भी गंभीर रूप से घायल हुई है। जानकारी के अनुसार, पिकअप में पचोर पशु बाजार से खरीदी गई तीन भैंस और दो पाड़ी के साथ छह लोग सवार थे। रास्ते में चालक ने पानी पीने के लिए गाड़ी रोक रखी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक ट्रक लहराते हुए पहुंचा और पिकअप को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप में सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

पानी पीने के लिए सड़क किनारे रोकी थी गाड़ी

पांच लोग घायल, एक की हालत गंभीर

हादसे में प्रभुलाल पिता बद्रीलाल (40), निवासी बरखेड़ा भोजा, कमल पिता गंगाराम (25), निवासी नलखेड़ा, राजू पिता शिवनारायण गुर्जर और होकम पिता शिवनारायण गुर्जर (40), दोनों निवासी मंदेरी गुर्जर, घायल हुए हैं। वहीं, रामचंद्र निवासी बाबल्दी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर किया गया है।

पिकअप में भरी थीं भैंस और पाड़ी



दुर्घटना के समय पिकअप में तीन भैंस और दो पाड़ी भी थीं। हादसे में एक पाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना में पिकअप को भी नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस टीम ने सभी घायलों को उपचार के लिए पचोर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल रामचंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर किया गया।

बगैर ओटीपी दिए अधीक्षिका के खाते से उड़े 34 हजार रुपए, शिकायत दर्ज कराई

अधीक्षिका ने ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एक डेस की थी आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सायबर अपराधों से सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयासों से काफी आगे अपराधी चल रहे हैं। बैंकिंग फ्रॉड से बचने किसी को भी अपना ओटीपी (वन टाईम पासवर्ड) न देना एक बेहतर विकल्प माना जाता है लेकिन अब ओटीपी दिए बिना भी लोगों के खाते खाली हो रहे हैं। मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की अधीक्षिका कृष्णा गरवाल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने एक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एक डेस बुक की थी एवं संबंधित फ्रॉडर (तब दुकानदार) के खाते में गूगल पे से 1700 रुपए बतौर एडवांस ट्रांसफर किए। कुछ समय बाद उस फ्रॉडर का कॉल आया कि आपको एक डेस नहीं भेज पाएंगे, आप कुछ और डेस बुक कीजिए। इस पर गरवाल ने मना कर दिया कि उन्हें ज्यादा डेस की जरूरत नहीं है आप मेरे पैसे वापस मेरे एकाउंट में ट्रांसफर कर दीजिए और फोन कट गया। संबंधित फ्रॉडर का पुनः कॉल आया कि मै आपको इसी नंबर पर 1 रुपये ट्रांसफर कर रहा हूं। आप अपना गूगल-पे खोले रखिए और चेक करके बताईये कि 1 रुपये आया की नहीं।

> वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में आपकी साइबर संबंधी शिकायत CYB27102600559 डायल–112 पर सफलतापूर्वक दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही साइबर हेल्प डेस्क अधिकारी द्वारा आपसे संपर्क किया जाएगा। कृपया आपका बैंक खाता संख्या, संबंधित लेनदेन की तिथि व समय तथा UTR/RRN नंबर तैयार रखें – मध्य प्रदेश पुलिस

गूगल पे खोलकर रखने पर उड़ गए 34000

फ्रॉडर के कहने पर पीड़िता ने अपना गूगल पे खोलकर रखा और चेक करने लगी कि 1 रुपये क्रेडिट हुआ या नहीं। बस, इसी दरम्यान अगल-अलग राशि 12 हजार, 18, 4 हजार करके इस तरह कुल 34 हजार रुपए चले गए। जब बाद में उन्होंने एकाउंट चेक किया तो उन्हें अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला। पीड़िता ने तुरंत बैंक को अवगत कराने के साथ ही सायबर सुरक्षा से जुड़े 1910 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ कार्यालय में भी शिकायत की गई है।

राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

मिल्क कलेक्शन, मावा सेंटरों का किया निरीक्षण, लिए सैंपल



राजगढ़। त्यौहारों पर लोगों की सेहत के दृष्टिगत खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ने अपनी कार्यवाही तेज की है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा सारंगपुर स्थित दो मिल्क कलेक्टर सेंटरों एवं पचोर स्थित मां गायत्री मावा भंडार प्रतिष्ठान का निरीक्षण करते हुए तीनों स्थानों से सैंपलिंग की गई। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र खत्री ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों पर जिले में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर सैंपलिंग, नमूना कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में संयुक्त दल ने सारंगपुर के तारागंज स्थित सिद्धिविनायक मिल्क सेंटर से दूध का सैंपल लिया। इसके साथ ही ओयस्टर मिल्क प्रोड्क्ट्स चिलिंग सेंटर से भी दूध का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इस कार्यवाही के उपरान्त टीम पचोर पहुंची एवं यहां न्यू बस स्टैंड स्थित मां गायत्री मावा भंडार से मावे के नमूने जांच के लिए लिए लिए। श्री खत्री ने बताया कि सभी सैंपलों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है जहां से जांच मिलने पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। तीनों स्थानों पर दूध और मावो का प्राइमरी टेस्ट भी किया गया है।

मानकों का पालन सुनिश्चित करने दिए निर्देश

इसके साथ ही संबंधित सेंटर संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। उक्त कार्यवाही के दौरान सब इन्सपेक्टर राहुल सेंधव, गौरव वाजपेई सहित अन्य उपस्थित रहे।

मरीजों के पलंग के समीप गिरा प्लास्टर

जिला चिकित्सालय के टीबी वार्ड में छत का प्लास्टर गिरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला चिकित्सालय के पुराने भवन स्थित खजूर वाले वार्ड में संचालित हो रहे टीबी वार्ड में एक घटना हो गई। सोमवार दोपहर इस वार्ड की छत का प्लास्टर अचानक भर-भराकर गिर गया। प्लास्टर मरीजों के पलंगों के समीप गिरा। अगर वह मरीजों पर गिरता तो अनहोनी हो सकती थी।

जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय का नया भवन काफी पहले बन चुका है और सभी वार्ड नए भवन में ही संचालित हो रहे हैं। अकेले, टीबी वार्ड अभी भी पुराने भवन के खजूर वाले वार्ड में स्थित है। इस वार्ड में कुछ मरीज भती हैं। इन्हीं मरीजों के पलंग के पास यह प्लास्टर गिरा है। आपको बतादें कि पुराना अस्पताल भवन रियासतकालीन होकर काफी पहले जर्जर घोषित किया जा चुका है। यही कारण है कि नई बिल्डिंग बनाने की आवश्यकता पड़ी थी। इस घटना ने टीबी मरीजों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

डीई अनीश राजपूत के मार्गदर्शन में 10 टीमों ने चलाया अभियान

बिजली विभाग की मास चेकिंग, बिजली चोरी के 40 और बकाया बिलों से जुड़े 20 मामले पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए विद्युत विभाग ने 26 अक्टूबर को सारंगपुर क्षेत्र में सघन मास चेकिंग अभियान चलाया। डीई अनीश राजपूत के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में विभाग की 10 टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शनों की जांच की,अभियान के दौरान बिजली चोरी के 40 प्रकरण बनाए गए, जबकि बकाया बिजली बिलों से संबंधित 20 मामलों में कार्रवाई की गई। इस तरह विभाग ने कुल 60 प्रकरण दर्ज किए। जांच के दौरान विद्युत कनेक्शनों में अनियमितताओं पर ध्यान देते हुए संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई।



बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली पर जोर

विद्युत विभाग का उद्देश्य बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के साथ बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना और विद्युत वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। विभाग ने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने लंबित बिजली बिलों का समय पर भुगतान करें। साथ ही उपभोक्ताओं से वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करने और मीटर या विद्युत लाइन से छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के मामलों में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने और बकाया राशि की वसूली के लिए इस तरह के जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

दशहरा मिलन समारोह में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर हुई चर्चा



खुजनेर। सर्व सेन समाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति के तत्वावधान में खुजनेर में दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें राजगढ़ जिले के विभिन्न शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समारोह में समाज की एकता, अखंडता और आपसी सहयोग को मजबूत करने के साथ विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर चर्चा की गई। साथ ही समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और जरूरत के समय एक-दूसरे का सहयोग करने पर जोर दिया गया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोपाल सेन, नगर अध्यक्ष टीकाराम सेन, ग्रामीण अध्यक्ष देवकरण सेन सहित समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई





जीरापुर। नगर के वार्ड 15 स्थित वाल्मीकि चौक पर संत शिरोमणि महर्षि वाल्मीकि महाराज की प्रतिमा पर पूजा अर्चना करके सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। महर्षि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिक जनों ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामायण जैसे महान ग्रन्थ को वाल्मीकि जी ने लिखा था जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श की लीला प्रेरणा स्रोत बनी ऐसे महान व्यक्तित्व की जयंती मनाकर हम अपने आप धन्य हैं। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वाल्मीकि समाज के सदस्यों ने महर्षि वाल्मीकि को नमन कर उनके आदर्शों का स्मरण किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, गिरिराज गुप्ता भण्ड़ावद, देवकीनंदन जमींदार, भगवान सिंह बटावदा, विष्णु सिंह पवांर, ईश्वर सिंह तोमर, रमेशचंद्र शर्मा, जगदीश वर्मा, फूल सिंह वर्मा, बिट्ठलप्रसाद झावा, रामप्रसाद झावा, आजाद झावा, मोहन झावा, कमल झावा, राजू झावा, प्रहलाद झावा, मनीष झावा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वाल्मीकि समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

तिरंगे को सलामी देकर सारंगपुर से आगे बढ़ी यात्रा

चंदा चोरी, आस्था के साथ धोखा : दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का मंगलवार को आठवें दिन सारंगपुर से शुभारंभ हुआ। राठी मांगलिक परिसर में धर्मरथ में विराजमान प्रभु श्रीरामलला, तीर्थों के जल से भरे कलशों और पार्थिव शिवलिंग का पूजन-अर्चन कर आरती की गई। इसके बाद दिग्विजय सिंह सहित यात्रियों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को ससम्मान सलामी दी और यात्रा को आगे बढ़ाया। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में चंदे और चढ़ावे की कथित अनियमितताओं को लेकर संबंधित लोगों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा हुआ है और मामले की व्यापक जांच होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़कर जवाब देने की मांग की। सिंह ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य धर्म के नाम पर एकत्र धन का पारदर्शी हिसाब और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान सुनिश्चित करना है।



दर्जनों मंचों से स्वागत मंदिरों में की पूजा

नगर में यात्रा के पहुंचने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं ने दर्जनों मंचों से स्वागत किया। परशुराम चौराहे पर भगवान परशुराम के फरसे की पूजा की गई। इसके बाद साईं मंदिर में पूजा-अर्चना, डॉ. भीमराव आंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। युवा नेता अखिलेश राठी के आह्वान पर भी यात्रा का स्वागत हुआ। महिलाओं ने पुष्पवर्षा की। दिग्विजय सिंह ने मंच से अखिलेश राठी को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।



धनौरा मंदिर में पूजा गले में तकलीफ के बावजूद जारी रखा जनसंवाद

यात्रा ग्राम धनौरा स्थित मनकामनेश्वर शिव मंदिर पहुंची, जहां सिंह ने पूजा-अर्चना और आरती की। इस दौरान उन्होंने लोगों से यात्रा से जुड़ने की अपील की। दिनभर के कार्यक्रमों के दौरान उनका गला खराब हो गया, लेकिन वे लगातार लोगों से संवाद करते रहे। रात्रि विश्राम के दौरान सिविल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. जय सिंह बघेल ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया और दवाइयां देकर आराम करने की सलाह दी। यात्रा में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।